प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में कहा– महाकुंभ 2025 की सफलता में मीडिया का योगदान रहा है सराहनीय : उनकी सकारात्मक भूमिका को आगे बढ़ाने में सरकार करेगी पूरा सहयोग।
2. प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने आज नये जिलाध्यक्षों और महानगर अध्यक्षों के नामों का किया ऐलान।
3. केन्द्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने आज आगरा में देश के पहले और सबसे बड़े बकरी फार्म का किया शुभारम्भ : कहा– पशुधन और कृषि क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा यह फार्म।

और

4. प्रदेश में कल से शुरू होगी गेहूं खरीद : दो हजार 425 रुपये प्रति कुन्तल समर्थन मूल्य किया गया है निर्धारित।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में मीडिया को मान्यता दी गयी है। मीडिया ही लोकतंत्र का सजग प्रहरी है। उन्होंने कहा कि मीडिया की भूमिका पूरी दुनिया में समय–समय पर अलग–अलग रूप में देखने को मिली है। विश्व के सबसे

बड़े आयोजन महाकुंभ दो हजार पचीस की सफलता में मीडिया का योगदान सराहनीय रहा है। बाइट.....

*इतने बड़े आयोजन के रूप में दुनिया के सबसे बड़े आयोजन के रूप में बदलने का काम मीडिया के सकारात्मक लेखनी ने किया है। और जब कोई आयोजन बड़ा होता है तो उसके भी परिणाम बहुत आयामी होते हैं। समाज को जोड़ने का आधार बना है एक भारत श्रेष्ठ भारत का तो आधार बना ही है लेकिन संस्कृति भी स्मृद्धि का कारण बन सकती है। आस्था भी आजीविका का माध्यम बन सकती है यह आपने देखा होगा। पहली बार यह भी देखने को मिला है।*

मुख्यमंत्री आज गोरखपुर में आयोजित गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी क शपथ ग्रहण समारोह में पत्रकारों और प्रबुद्धजनों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मीडिया संस्थान की जिम्मेदारी है कि वह युवाओं तक सकारात्मक चीजें पहुंचायें। उन्होंने आश्वस्त किया कि मीडिया की सकारात्मक पहल और जरूरतों को पूरा करने के लिये सरकार उनके साथ है।

—————————

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने आज नये जिला अध्यक्षों और महानगर अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने कई जिलों के जिलाध्यक्षों को बदल दिया है जबकि कुछ जगहों पर पुराने जिलाध्यक्षों को ही दोबारा मौका दिया गया है। इस बार संगठन में महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ायी गयी है। कई जिलों में महिला को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। लखनऊ में विजय मौर्य को

जिलाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि आनन्द द्विवेदी को महानगर अध्यक्ष चुना गया। वहीं उन्नाव जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी बनाये गये हैं। गोरखपुर भाजपा जिलाध्यक्ष पद पर जर्नादन तिवारी और महानगर अध्यक्ष पद के लिये देवेश श्रीवास्तव का नाम घोषित हुआ है। वहीं कुशीनगर में दुर्गेश राय और फर्रुखाबाद से फतेह चन्द्र वर्मा जिलाध्यक्ष बनाये गये। गौतमबुद्धनगर में जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा जबकि महेश चौहान महानगर अध्यक्ष मनोनीत किये गये हैं। बरेली से सोमपाल शर्मा, आंवला से आदेश प्रताप सिंह और महानगर से अधीर सक्सेना को महानगर अध्यक्ष बनाया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के सभी नवनियुक्त जिला एवं महानगर अध्यक्षों को बधाई दी है।

---

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज, पदाधिकारियों और न्यासियों की महत्वपूर्ण बैठक आज अयोध्या के मणिराम छावनी में सम्पन्न हुई। ट्रस्ट कोषाध्यक्ष महंत गोविन्द देव गिरी भी बैठक में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष और मणिराम छावनी पीठाधीश्वर महंत नृत्य गोपाल दास महाराज ने की।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि श्रीराम मंदिर के निर्माण में अब तक 2

हजार 150 करोड रुपए का खर्च हो चुके हैं और उसका 96 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण का कार्य निर्धारित समय दिसंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा।

—————————

संभल जनपद में शाही जामा मस्जिद की रंगाई पुताई आज से शुरू हो गई। कल भारतीय पुरात्व सर्वेक्षण–एएसआई की तीन सदस्यीय टीम पेंटर और मजदूरों के साथ यहां पहुंची थी। टीम ने बाहरी हिस्से के साथ अंदर के परिसर का भी निरीक्षण किया था। मस्जिद के सद्र जफर अली एडवोकेट ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश पर सात दिन के अंदर मस्जिद की रंगाई पुताई का कार्य पूरा करना है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मस्जिद की पुताइ और सजावट का आदेश दिया था और कहा था कि इस पुताई और सजावट के काय की निगरानी एएसआई द्वारा की जाएगी।

—————————

मेरठ के बड़े व्यापारिक केंद्र बेगम पुल में शहर का सबसे बड़ा अंडरग्राउंड नमो भारत स्टेशन बनाया जा रहा है। इस स्टेशन पर दोनों लाइन अप और डाउन के लिए ट्रैक बिछाया जा चुका है, वहीं फिनिशिंग कार्य अंतिम चरण में तीव्र गति से जारी है। इसके साथ ही फ्लोरिंग और

मार्बल बिछाने समेत अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं। एक रिपोर्ट.....

*बेगम पुल मेरठ में एकमात्र अंडर ग्राउंड स्टेशन है, जहां से नमो भारत और मेरठ मेट्रो की सुविधा यात्रियों को मिलेगी। इस स्टेशन पर दो ट्रैक बनाए गए हैं, जहां पर अत्याधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम की मदद से दोनों ट्रेन गुजरेंगी। ऐसा देश में पहली बार होगा कि सेमी–हाई स्पीड नमो भारत और मेट्रो एक ही ट्रैक पर दौड़ती नजर आएंगी। इस स्टेशन में चार लेवल है। ये स्टेशन बाजार के बीचों–बीच स्थित है और ट्रेन का संचालन शुरू होने से लोगों के लिए काफी सुविधाजनक हो जाएगा। संगीता श्रीवास्तव, आकाशवाणी समाचार, मेरठ।*

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

उत्तर प्रदेश में रबी विपणन वर्ष 2025–26 के लिए कल से गेहूं खरीद शुरू होगी, जो 15 जून तक चलेगी। इसके लिए 6 हजार 500 क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं। एक रिपोर्ट...

*केंद्र सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2 हजार 425 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है, जो विगत वर्ष से 150 रुपये प्रति कुंतल अधिक है। पिछले वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2 हजार 275 रुपये प्रति कुंतल था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसानों को 48 घंटे के भीतर उनका भुगतान कर दिया जाये। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों के लिए समुचित व्यवस्था की जाए। उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। मोबाइल केंद्र के माध्यम से किसानों के गांवों में जाकर भी खरीद होगी। गेहूं की बिक्री के लिए पहली मार्च से पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है। अब तक प्रदेश के 2.65 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।*

——————————

केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने आज आगरा में स्थापित देश के पहले और सबसे बड़े अत्याधुनिक बकरी फ़ार्म युवान् एग्रो फ़ार्म एन्ड रिसर्च इंस्टिट्यूट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि देश का पहला हाईटेक गोट फ़ार्म भारत के पशुधन और कृषि क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

फतेहबाद मार्ग स्थित बिजामई गांव में ढाई लाख वर्ग फुट ज़मीन पर स्थापित किये गए इस बकरी फ़ार्म में 5 हजार से अधिक बकरे–बकरियां हैं, अभी इस फ़ार्म से 200 किसान जुड़ चुके हैं और अगले 2 वर्षों में दस हजार से अधिक किसानों को इससे जोड़ कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। इस अवसर पर फ़िल्म अभिनेता रजा मुराद भी मौजूद रहे।

———————

यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रदेश के 261 केन्द्रो पर 19 मार्च से होगा। मूल्यांकन केंद्रों पर बाहरी लोगों और मोबाइल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में परीक्षक प्रतिदिन 45–50 कॉपियों का मूल्यांकन करेंगे। मूल्यांकन केंद्रों का निरीक्षण प्रतिदिन पर्यवेक्षक और स्टैटिक मजिस्ट्रेट द्वारा किया जायगा।

———————

पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने माँ पूर्णागिरि मेला के दौरान होने वाली अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए आज से 30 जून, तक प्रतिदिन माँ पूर्णागिरि मेला स्पेशल ट्रेन शुरू की है। यह ट्रेन कासगंज टनकपुर–पीलीभीत, बरेली होकर चलेगी।

इस बीच पीलीभीत के घुंघचाई से आज मां पूर्णागिरी देवी के दर्शन करने के लिये श्रद्धालु का जत्था रवाना हुआ। जिले में देवी के दर्शन के लिये प्रवेश द्वार बनाया गया है, जहां से लोग पैदल, बस या अपने वाहनों से दर्शन के लिये जा रहे हैं।

———————

दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय शोध और अकादमिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में लगातार नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित नेचर इंडेक्स रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, जो इसके शोध नेतृत्व और उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान योगदान का प्रमाण है। एक रिपोर्ट.

*नेचर इंडेक्स एक वैश्विक मानक है जो प्राकृतिक विज्ञानों में उच्च–गुणवत्ता वाले शोध प्रकाशनों को ट्रैक करता है। 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 की अवधि के लिए, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ये उपलब्धियाँ हमारे संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम हैं। गिरीश नारायण चौबे, आकाशवाणी समाचार, गोरखपुर।*

—————————

प्रदेश में आज सुबह कई जिलों में बारिश हुई, जबकि दोपहर बाद तेज धूप निकलने से तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। पीलीभीत, कौशाम्बी, अम्बेडकर नगर, अमरोहा और जौनपुर सहित कई जिलों में आज सुबह तेज हवा के साथ हुई बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में राज्य के कई जिलों में हल्की से तेज बारिश के साथ हवाएं चलने की संभावना जताई है।

(समाप्त)